(ख) अफीम की खेती के बारे में भारत सरकार को हिमाचल प्रदेश विधान सभा का प्रस्ताव किस वर्ष प्राप्त हुआ था, और उस पर क्या निर्णय लिया गया ; और

(ग) हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों में अफीम की खेती को, जहां इसकी बड़े पैमाने पर पैदावार होती थी तथा जो इस क्षेत्र के लोगों की आजीविका का मुख्य स्रोत है, संवर्द्धन हेतु सरकार द्वारा क्या उपाय किए जाने का विचार है और इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री : (श्री सवाई सिंह सिसोदिया) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सदन-पटल पर रख दी जायगी।

Credit to Weaker Section for Self Employment within Darbhanga District of Bihar

10416. SHRI BHOGENDRA JHA : Will the Minister of FINANCE be pleased to state :

(a) whether the State Bank Branch of Kamtaul and Indian Bank Jaley within Darbhanga District in Bihar have been directed by their higher authorities not to advance any credit to the self-employment projects approved and forwarded by district Rural Developing Agency, animal welfare authorities and others;

(b) if so, details thereabout; and

(c) if not, reasons for not sanctioning such credit to the weaker sections for self-employment ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI JANARDHANA POOJARY): (a) to (c). The information is being collected and to the extent available will be laid on the Table of the House.

रक्षा मंत्रालय के अन्तर्गत ऐसे फार्म जहां ढोर नहीं रखे जाते

10417. श्री मूल चन्द डागा : क्या रक्षा मंत्री निम्नलिखित जानकारी दर्शाने वाला विवरण सभा पटल पर रखने की कृपा करेंगे कि :

(क) मंत्रालय के अन्तर्गत इस समय ऐसे फार्मों की संख्या कितनी है जहां ढोर नहीं रखे जाते हैं और वे कहाँ पर स्थित हैं तथा ऐसे प्रत्येक फार्म का क्षेत्रफल क्या है ; और

(ख) वर्ष 1980 और 1981 के दौरान इन फार्मों का किन कार्यों के लिए उपयोग किया गया और प्रत्येक फार्म पर श्रमिकों को मजदूरी सहित कुल कितनी राशि व्यय हुई तथा उपरोक्त अवधि के दौरान सरकार को उससे वर्ष वार कितना राजस्व प्राप्त हुआ ?

रक्षा मंत्री (श्री आर० वेंकटरामन) : (क) इस समय 15 फार्मों में पशु नहीं रखे जाते हैं। इन में से 7 फार्म अहमदाबाद, जयपुर, गोहाटी, शिलांग, तेजपुर, भोपाल और 19 इन्फेंन्ट्री डिवीजन में किराये के भवनों में काम कर रहे हैं। अन्य फार्म के स्थान और उनके अन्तर्गत आने वाले विवरण इस प्रकार हैं :—

फार्म का नाम	हैक्टेयर में क्षेत्र
मद्रास	0.198
कोलाबा	0.256
कलकत्ता	3.237
ग्वालियर	33.100
पठानकोट	0.930
जम्मू	0.704
25 इन्फेंन्ट्री डिवीजन	0.566
बेंगदुबी	0.057